OFFICE OF THE REGISTRAR, LUCKNOW UNIVERSITY

# कुलसचिव कार्यालय

लखनऊ विश्वविद्यालय,लखनऊ, उ0 प्र0

पत्रांक ..........
दिनांक ..........

## कार्यालय ज्ञाप

सूच्य है कि लखनऊ विश्वविद्यालय एवं सहयुक्त/सम्बद्ध महाविद्यालयों से संचालित पाठ्यक्रमों में सत्र 2022–23 में प्रवेश लिये जाने हेतु केन्द्रीयकृत प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ हो गयी है, जिसमें सहयुक्त/सम्बद्ध महाविद्यालयों की सहभागिता हेतु पूर्व में सूचित किया जा चुका है।

उक्त के क्रम में मुझे यह सूचित करने का निर्देश हुआ है कि सहयुक्त/सम्बद्ध महाविद्यालयों (लखनऊ, हरदोई, रायबरेली, सीतापुर एवं लखीमपुर खीरी) लखनऊ विश्वविद्यालय में एन0सी0टी0ई0 से मान्यता प्राप्त निम्नलिखित पाठ्यक्रमों में सत्र 2022–23 में प्रवेश एन0सी0टी0ई0 रेगुलेशन 2014(भारत के राजपत्र) के भाग–3 खण्ड–4 के अनुच्छेद 4.3 के प्राविधानुसार विश्वविद्यालय द्वारा केन्द्रीयकृत प्रवेश प्रक्रिया के माध्यम से प्रवेश किया जायेगा, इसके अतिरिक्त किसी माध्यम से प्रवेश अनुमन्य नहीं होगें :–

1. एम0एड0 (M.Ed.)
2. बी0एल0एड0 (B.El.Ed.)
3. बी0पी0एड0 (B.P.Ed.)
4. एम0पी0एड0 (M.P.Ed.)

अतः जिन सहयुक्त/सम्बद्ध महाविद्यालयों द्वारा अभी तक उक्त पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु केन्द्रीयकृत प्रक्रिया में आवेदन नहीं किया गया है उनको निर्देशित किया जाता है कि तत्काल केन्द्रीयकृत प्राणाली के माध्यम से प्रवेश लिये जाने हेतु विहित प्रक्रियानुसार आवेदन सुनिश्चित करने का कष्ट करें अन्यथा की स्थिति में किसी प्रतिकूल परिस्थिति के लिए महाविद्यालय स्वयं उत्तरदायी होगा।

भवदीय,

(डॉ0 विनोद कुमार सिंह)
कुलसचिव

पृष्ठांकन संख्या AD/5877–83 दिनांक 04/04/2022
प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

1. सचिव कुलपति, कुलपति जी को सूचनार्थ, ल0वि0वि0ल0।
2. अधिष्ठाता, प्रवेश, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।
3. समन्वयक, प्रवेश, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।
4. ईंचार्ज, वेबसाइट को इस आशय से प्रेषित कि विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने एवं समस्त सम्बन्धित को ई–मेल से प्रेषित करने का कष्ट करें।
5. अधिष्ठाता, महाविद्यालय विकास परिषद, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।
6. समस्त प्राचार्य/प्राचार्या सहयुक्त/सम्बद्ध महाविद्यालय, (लखनऊ, हरदोई, रायबरेली, सीतापुर एवं लखीमपुर खीरी) लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।

कुलसचिव